बख्तियारपुर आरओबी के समीप एक किलोमीटर में टू-लेन हुआ शुरू, बेगूसराय समेत कई जिलों को फायदा

# बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन चालू, आधे घंटे में पूरी हो रही दूरी

**44** किमी ग्रीन फिल्ड फोरलेन बनाया गया है

## लोगों को आवागमन में होने लगी सुविधा

वर्तमान में लोग पटना से ग्रीनफील्ड फोरलेन होते हुए बख्तियारपुर जाते थे। इसके बाद बख्तियारपुर से सिंगल लेन सड़क (5-6 मीटर चौड़ी) से बाढ़ होते हुए मोकामा पहुंच रहे थे। सड़क के दोनों ओर घनी आबादी और सड़क की चौड़ाई कम रहने से बख्तियारपुर से मोकामा जाने में लोगों को दो घंटे का समय लग रहा है। लेकिन, बख्तियारपुर से मोकामा तक ग्रीनफील्ड चालू होते ही लोगों को आवागमन में सुविधा होने लगी।

**बदलता पटना**

पटना, हिप्र। बख्तियारपुर-मोकामा ग्रीनफील्ड फोरलेन पर शुक्रवार से आवागमन प्रारंभ कर दिया गया। हालांकि बख्तियारपुर के पास आरओबी का एक हिस्सा नहीं बनने से एक किलोमीटर में टू-लेन से ही आवागमन चालू है।

**1**

बख्तियारपुर से मोकामा के बीच 44.600 किमी लंबे फोरलेन का निर्माण किया गया है। इसके चालू होने से दो घंटे की दूरी अब आधे घंटे में ही पूरी होने लगी।

वहीं, दीदारगंज से मोकामा तक लोगों को आवागमन के लिए ग्रीनफील्ड फोरलेन की सुविधा मिली। इसका सबसे अधिक लाभ लखीसराय, बेगूसराय, मुंगेर, भागलपुर, जमुई, शेखपुरा, पूर्णिया, खगड़िया सहित अन्य जिलों के साथ ही गुवाहाटी और भूटान तक जाने में लोगों को मिलेगा।



▲ बख्तियारपुर मोकामा ग्रीनफील्ड फोरलेन पर आवागमन हुआ शुरू। ● हिन्दुस्तान

- बख्तियारपुर से मोकामा के बीच लोग पहले पुरानी सड़क से करते थे यातायात
- दीदारगंज से मोकामा तक ग्रीनफील्ड फोरलेन से आने और जाने लगे लोग

## मई में आरओबी का निर्माणाधीन एक भाग होगा चालू

बख्तियारपुर के पास आरओबी के दाएं भाग की (बख्तियारपुर से मोकामा जाने वाले मार्ग) सड़क से आवागमन चालू है। बाएं भाग के गर्डर को स्ट्रक्चर के आकार में असेंबल किया जा रहा है। रेलवे को भी मंजूरी के लिए पत्राचार किया गया है। असेंबल होने और रेलवे से मंजूरी मिलते ही गर्डर को लॉन्च कर दिया जाएगा। मई में दूसरे भाग को भी चालू कर दिया जाएगा।

**मोकामा से पटना की तरफ आने वाले लोगों के लिए बना है डायवर्सन :** एनएचएआई के अधिकारी ने बताया कि पटना से बख्तियारपुर होते हुए मोकामा जाने वाले लोग सीधे आवागमन कर रहे हैं, लेकिन मोकामा की तरफ से आने वालों के लिए बख्तियारपुर आरओबी के पास डायवर्सन बनाया गया है। बख्तियारपुर आरओबी का संपर्क पथ जहां से शुरू होता है, वहीं से मीडियम काटकर वाहनों को डायवर्ट किया गया है, लेकिन कुछ दूर (लगभग एक किमी) आगे स्कूल के समीप मीडियम को काट वाहन को मोकामा से बख्तियारपुर जाने वाले मार्ग में पुनः डायवर्ट किया जा रहा है।